सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-137
22/03/2018

मुख्यमंत्री ने गॉधी जी पर बनाई गई पेंटिग्स पर आधारित दीर्घा का किया लोकार्पण

पटना, 22 मार्च 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना संग्रहालय में गॉधी जी पर बनाई गई पेंटिग्स पर आधारित दीर्घा का लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने गॉधी जी पर बनाई गई सभी पेंटिग्स का सूक्ष्म अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न पेंटिग्स के संबंध में जिज्ञासा भी प्रकट की। उन्होंने कई पेंटिंग्स के संबंध में अपने सुझाव भी दिये।

इस अवसर पर कला, संस्कृति व युवा विभाग मंत्री श्री कृष्ण कुमार ऋषि, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, प्रधान सचिव कला, संस्कृति श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित कला, संस्कृति विभाग के वरीय पदाधिकारी तथा कला प्रेमी उपस्थित थे।

******